हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार, दिसंबर 5, 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

13 आदिवासी लोकनृत्य, रेला पाटा, पारंपरिक कलाओं की...



14 जिले की उखड़ी सड़कों की तेजी से हो रही मरम्मत, सप्ताहभर में ...



## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 दिसम्बर सोमवार को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन, 17 दिसम्बर को स्थापना दिवस बलौदाबाजार-भाटापारा में मनाने पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

### बुनियादी साक्षरता परीक्षा 7 को

**धमतरी।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 7 दिसंबर को राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिले के लगभग 8 हजार असाक्षर इस परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसके लिए जिले में 408 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### कोसरिया यादव समाज का गीता जयंती महोत्सव परिचय सम्मेलन 7 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज नगर इकाई द्वारा 7 दिसंबर रविवार को यादव समाज भवन, आमातालाब धमतरी में गीता जयंती महोत्सव एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। नगर अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 7 बजे कलश स्थापना, गीता पूजन व ध्वजारोहण से शुरू होगा। सुबह 11 बजे कलश यात्रा पुरानी कृषि उपज मंडी से प्रारंभ होकर सिहावा चौक, घड़ी चौक, सदर बाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, सिटी कोतवाली, इतवारी बाजार और पोस्ट ऑफिस वार्ड होते हुए यादव समाज भवन पहुंचेगी। इसके उपरांत गीता पाठ, प्रवचन, हवन, आरती और अतिथि सम्मान समारोह होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रामेश्वर यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि जोहान सिंह यादव, अनीता यादव, घनश्याम यादव, राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी और पिंटू यादव होंगे। दोपहर 3 बजे युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित होगा। अतिथि स्वागत शाम 4 बजे होगा।

### 70 प्रतिशत चावल जमा करने पर होंगे पात्र, मार्च तक डेडलाइन

# चावल जमा नहीं, जिले की 79 राइस मिल धान का उठाव करने अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चावल जमा नहीं होने से धान का उठाव संकट में आ गया है। जिले की 224 राइस मिल में से मात्र 145 ही धान का उठाव करने के लिए पात्र हैं। बाकी राइस मिलों ने पिछले साल की लेवी जमा नहीं की है। सरकार धान के उठाव के लिए डीओ जारी भी कर देगी तो पात्र राइस मिलों की संख्या कम होने के कारण उठाव की रफ्तार धीमी रहेगी।

धान खरीदी शुरू होने के 18 दिन बाद भी धान का उठाव शुरू नहीं हुआ है। उधर धान खरीदी केंद्रों में जाम लगना शुरू हो गया है। शासन ने अभी तक उठाव के लिए आदेश जारी नहीं किया है। उधर उठाव में नया पेंच आ गया है। पिछले साल राइस मिलों ने कस्टम मिलिंग के लिए भरपूर धान का उठाव किया था, लेकिन नान और एफसीआई के गोदामों में जगह नहीं होने के कारण कई राइस मिलर अब तक कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं कर पाए हैं। ऐसे में इन राइस मिलों को फिर से उठाव करने के लिए अपात्र घोषित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 224 राइस मिल हैं, जिसमें से 79 राइस मिल ने चावल जमा नहीं किया है। इन राइस मिलों को अपात्र घोषित किया गया है। यदि ये राइस मिलें समय रहते चावल जमा कर देती हैं तो उन्हें धान का उठाव करने की पात्रता होगी।



#### करा रहे चावल जमा

चावल जमा करने के लिए राइस मिलों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। जैसे-जैसे वे चावल जमा करते जा रहे हैं, उन्हें धान का उठाव करने के लिए पात्र घोषित किया जा रहा है। उठाव को लेकर डीओ आदेश आते ही उठाव शुरू किया जाएगा। खरीदी प्रभावित होने की स्थिति नहीं आएगी।

- बीके कोर्राम, *खाद्य अधिकारी*

#### मार्च तक जमा कर सकते हैं चावल

इस बार चावल जमा करने के लिए राइस मिलों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। जिले से चावल उठाने के लिए रैक कम लगा, जिसके चलते एफसीआई के गोदामों में जगह की कमी रही। यही कारण है कि चाहकर भी राइस मिलर्स चावल जमा नहीं कर पाए। समस्या को देखते हुए शासन ने राइस मिलर्स को मार्च माह तक चावल जमा करने की छूट दी है। उल्लेखनीय है कि जितना चावल राइस मिलर्स को जमा करना है, उसका 70 प्रतिशत हिस्सा भी जमा कर देते हैं तो वे धान का उठाव कर सकते हैं। अपात्र राइस मिल 70 प्रतिशत चावल भी जमा नहीं कर पाई है।

#### संकट में धान खरीदी

उठाव नहीं होने से धान खरीदी संकट में है। जानकारी के अनुसार 40 से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान की खरीदी हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 60 से ज्यादा खरीदी केंद्रों में 10 हजार से ज्यादा धान स्टोर हो चुका है। शासन द्वारा जल्द ही धान का उठाव शुरू नहीं किया जाता है तो कई केंद्रों में खरीदी बंद होने की स्थिति बन जाएगी। उधर खरीदी केंद्रों के हालात को देखते हुए प्रतिदिन खरीदी की लिमिट भी नहीं बढ़ाई जा रही है, जिसे लेकर किसान परेशान हैं।

# मोमोज खाने से 18 लोगों की बिगड़ी तबीयत

### शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक पहुंचा मोमोज का स्टॉल





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम मेघा में मोमोज खाने से आसपास के गांवों के 18 लोगों की तबीयत खराब हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्टॉल से सैम्पल लेने के बाद दुकान बंद करा दी है।

शहर से निकलकर अब मोमोज का स्टॉल ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंच गया है। शाम होते ही मोमोज का स्टॉल सज जाता है। लोग बिना सोचे-समझे बड़े चाव से मोमोज का स्वाद लेने पहुंचते हैं। पहले तो शहर के चौक-चौराहों में ही मोमोज का स्टॉल लग रहा था लेकिन अब मोमोज बेचने वाले गांवों में भी जाकर स्टॉल लगा रहे हैं। बिना हाईजिन को ध्यान में रख लापरवाहीपूर्वक तैयार किया गया यह मोमोज सेहत के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो रहा है।



बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस के मोमोज स्टॉल लगाने वाले लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। पूर्व में भी मोमोज खाने से कई लोग बीमार पड़ चुके हैं। कुछ इसी तरह की घटना मगरलोड ब्लाक के मेघा में सामने आई है। बीते दिनों मोमोज खाने से 28 लोग बीमार पड़ गए हैं। सीएचसी मगरलोड में 29 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक चार दिन में पेट दर्द, उल्टी-दस्त के 18 मरीज भर्ती हो चुके हैं। मरीजों के परिजनों ने बताया कि सभी मरीजों की तबीयत मेघा चौक स्थित बैंक के पास नेपाली मोमोज खाने से बिगड़ी है जिसमें ब्लाक के आसपास के ग्राम भैंसमुंडी, बेलरदोना, मगरलोड, मेघा, अरौद, गिरोद, खैरझिटी व भोथीडीह के मामले हैं। 18 वर्ष के भीतर के 13 बच्चे एवं 18 वर्ष के ऊपर के 5 व्यक्ति बीमार हुए हैं। सभी मरीजों का उपचार किया जा चुका है। बुधवार को चार लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार कराया।

#### खाद्य विभाग ने लिया सैम्पल

सीएमएचओ डॉ. यूएल कौशिक ने मीडिया को बताया कि मोमोज खाने से मगरलोड के आसपास के गांवों के लोग बीमार हुए हैं जिसमें से ज्यादा लोगों का उपचार किया जा चुका है। खाद्य विभाग द्वारा मोमोज को जांच के लिए भेजा गया है। सैम्पल लेकर उक्त मोमोज स्टॉल को बंद करा दिया गया है।

# कुरूद अनुभाग के राजस्व न्यायालयों में रीडरों की मनमानी

- अधिवक्ता संघ का 24 दिनों से न्यायालयीन कार्रवाई का बहिष्कार जारी
- कलेक्टर से लंबे समय से जमे लिपिकों का स्थानांतरण करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कुरूद अनुभाग अंतर्गत अव्यवस्था तथा अनियमिततापूर्वक कार्रवाई से अधिवक्ता संघ आंदोलन की राह पर है। दो बार शिकायत के बाद भी व्यवस्था दुरूस्त नहीं होने से आक्रोशित संघ ने अनिश्चितकालीन राजस्व न्यायालीन कार्रवाई का बहिष्कार कर लंबे समय से पदस्थ रीडरों का अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग की है।

गुरुवार को अधिवक्ता संघ कुरूद ने कलेक्टर से मुलाकात कर पांच कंडिकाओं का ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा है कि कुरूद अनुभाग में कुरूद, भखारा, मगरलोड तहसील सम्मलित है। वहीं उपतहसील करेली बड़ी तथा सिर्री में राजस्व न्यायालय की कार्रवाई की जाती है। यहां कुछ वर्षों से अव्यवस्था तथा अनियमितता है जिसे दुरूस्त किया जाना बहुत जरूरी है। पूर्व में संघ ने व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की थी। 10 नवंबर को अधिवक्ता संघ ने बैठक कर प्रस्ताव पास किया है कि समस्या का निदान नहीं होने तक राजस्व न्यायालय की कार्रवाई में संघ सम्मिलित नहीं होगा।

#### ये हैं पांच सूत्रीय मांग एवं शिकायत

प्रतिलिपि शाखा समय पर अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को सत्यलिपि, नकल प्रदान नहीं की जाती है। नये पेश किए गए राजस्व मामलों का समय पर पंजीयन नहीं किया जाता तथा पंजीयन में महीनों का समय लग जाता है। प्रतिबंधित धारा फौजदारी मामलों में तहसील के लिपिक पक्षकारों को भ्रमित कर अधिवक्ता नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं और उनका काम वे स्वयं कर देने की भ्रामक जानकारी देकर अवैध रकम की वसूली की जाती है। राजस्व मामलों में समय पर नोटिस तामिल नहीं कराया जाता है। अभिलेख मांगने पर बहुत ज्यादा समय लगाया जाता है। अनुभाग कुरूद की तहसीलों में लंबे समय से बहुत सारे लिपिक एक स्थान पर कार्यरत हैं जिसके कारण मामले की परिस्थितियों को प्रभावित कर अपने प्रभाव का दुरूपयोग करते हैं। संघ ने अनुविभागीय अधिकारी कुरूद के 3 रीडर, तहसीलदार कुरूद में पदस्थ 3 रीडर तथा भखारा तहसीलदार में पदस्थ 1 रीडर की नामजद शिकायत कर कहा है कि उक्त रीडर 10 से 15 साल से एक ही तहसील में पदस्थ हैं जिससे प्रतिकूल रूप से कार्य प्रभावित होता है। इस संबंध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, राजस्व सचिव, राजस्व मंत्री, कलेक्टर तथा अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है। 11 नवंबर से अब तक संघ राजस्व न्यायालय की कार्रवाई का बहिष्कार कर रहा है। संघ ने लंबे समय से पदस्थ राजस्व कर्मचारियों को उनके मूल स्थान से अन्यत्र स्थान पर तत्काल स्थानांतरण करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के अध्यक्ष रमेश पांडे, उपाध्यक्ष नरेश डिगरे, सचिव यशवंत साहू, हेमंत निर्मलकर, नरेंद्र साहू, गुणवंत सोलंके, ओपी चंद्राकर, जयप्रकाश साहू, चुड़ामणि चंद्राकर, यजुवेंद्र साहू, मनहरण भारद्वाज, एनेंद्र साहू, राजेश साहू, ओमेश साहू, टीआर सेन, ईश्वरी तारक, पूरण पटेल, देवीदयाल साहू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

# बीपीएम, बीएमओ पर दुर्व्यवहार का आरोप



- कुरूद क्षेत्र की मितानिनों ने कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरूद क्षेत्र में कार्यरत मितानिनों ने बीपीएम तथा बीएमओ पर दुर्व्यवहार एवं धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ति करने की शिकायत कलेक्टर से की है। गुरूवार को दो दर्जन से अधिक मितानिनों ने जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि दो साल पूर्व एक मितानिन प्रशिक्षक को वित्तीय अनियमितता एवं मितानिनों के साथ दुर्व्यवहार कर मानसिक रूप से प्रताड़ति करने के मामले में कार्यक्रम से पृथक किया गया है। उसे वापस रखने मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षकों पर सिविल अस्पताल कुरूद में पदस्थ बीपीएम द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। वहीं बीएमओ भी बैठक में एमटी के साथ दुर्व्यवहारपूर्वक बात करता है। इससे मितानिन एवं एमटी आहत है। मितानिनों ने मानसिक रूप से प्रताड़ति करने वाले बीपीएम का अन्यत्र स्थानांतरण करने की मांग की है।

शिकायत करने वालों में मितानिन अमरीका साहू, प्रीति साहू, कृष्णा साहू, मनभा गायकवाड़, गोमती साहू, देवकी कोसरे, सुलोचना साहू, जयंत्री साहू, भुनेश्वरी साहू, टिकेश्वरी यादव, संतोषी साहू, लक्ष्मी बंजारे, मीना साहू, चांदनी बैस, मुक्ति साहू, चित्ररेखा साहू, ललिता साहू, मालती बैस, ईभू बैस, किरण साहू, खेमिन साहू, सावित्री साहू, पुष्पा साहू, पुष्पा निर्मलकर, रंगीन बाई, कुमारी साहू, शारदा साहू, गोपी साहू शामिल हैं।

# सड़क हादसे में बाइक चालक युवक की मौत

- सलोनी के पास हुआ हादसा, दो युवक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ढीमरटिकुर से वापस लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक चालक की मौत हो गई। वहीं सवार दो युवक बाल-बाल बचे।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी-कुकरेल नीचेपारा निवासी रामेश्वर नेताम पिता कुशलराम उम्र 32 वर्ष राजमिस्त्री का काम करता था। गुरूवार की सुबह रामेश्वर गांव के



अपने साथी धनेश मरकाम 29 वर्ष व धर्मेन्द्र के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 डब्ल्यू 4617 से किसी काम के सिलसिले में ग्राम ढीमरटिकुर के ज्योतिष के पास गये थे। काम होने के बाद तीनों मोटरसाइकिल में सवार होकर वापस अपने घर पीपरछेड़ी लौट रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल रामेश्वर चला रहा था। ग्राम सलोनी से गुजरते समय विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने उसकी मोटर साइकिल को सामने से ठोकर मार दी और फरार हो गया। ठोकर से तीनों मोटरसाइकिल सहित सड़क पर गिर गये। घटना में रामेश्वर के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। वहीं धनेश मामूली रूप से घायल हुआ है। तीसरा युवक घायल होने से बच गया। एम्बुलेंस नहीं मिलने पर दोस्तों ने घायल को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

# मंदिर और मठ को सुरक्षित रखने पट्टा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ गोस्वामी समाज ने विंध्यवासिनी वार्ड में स्थित गोस्वामी समाज के महादेव मंदिर एवं मठ को सुरक्षित रखने एवं भूमि का पट्टा प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है।

छग गोस्वामी समाज के अध्यक्ष नीलमबन गोस्वामी, रंजीतपुरी गोस्वामी, विजयपुरी गोस्वामी, देवेंद्रपुरी गोस्वामी आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि विंध्यवासिनी मंदिर के बाजू में आबादी जमीन पर 200 साल पुराना गोस्वामी समाज का महादेव मंदिर एवं गोसाई मठ निर्मित है जिस पर आसपास के लोग अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण करते चले आ रहे है। इससे समाज का मंदिर असुरक्षित है। राजस्व निरीक्षक नजूल जांच धमतरी से प्राप्त नजरी नक्शा सत्य प्रतिलिपि के अनुसार शिवमंदिर एवं गोसाई मठ आबादी भूमि खसरा नंबर 1211 पर 30 डिसमिल भूमि दर्ज है। छग भू राजस्व संहिता 1959 के नियम 242 के अनुसार आबादी भूमि पर काबिज व्यक्ति या संस्था को नियमानुसार स्वामित्व का अधिकार प्राप्त है। समाजजनों ने कलेक्टर से उक्त भूमि का सीमांकन करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है।

#### गोस्वामी समाज ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन



### पति ने किया खुलासा, कलेक्टर से फॉर्म और शपथ पत्र की जांच की मांग की

# फर्जी तरीके से पत्नी ले रही महतारी वंदन योजना की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महतारी वंदन योजना में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। एक सरकारी कर्मचारी की पत्नी ने झूठी जानकारी देकर पिछले 21 माह से महतारी वंदन का लाभ ले रही है। हैरानी की बात यह है कि इस गड़बड़ी का खुलासा करने वाला और कोई नहीं बल्कि गड़बड़ी करने वाली महिला का पति है।

जिले में एक अजीबो-गरीब और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला ने महतारी वंदन की राशि लेने के लिए झूठी जानकारी पेश की है। वह पिछले 21 माह से छत्तीसगढ़ शासन को चूना लगाने लगा रही है। महिला के पति गजेंद्र सिन्हा ने इस गड़बड़ी का खुलासा करते हुए बताया कि वह जिला बालोद तहसील गुरुर के ग्राम दर्रा का रहने वाला है और कांकेर के कोरर स्वास्थ्य विभाग में आरएमए पद पर कार्यरत है। नियम के तहत किसी सरकारी कर्मचारी की पत्नी को महतारी वंदन का लाभ नहीं दिया सकता है, लेकिन महिला ने फार्म भरते समय अपने पति का सरकारी विभाग में कार्यरत होने की जानकारी छिपाई। खुद का कृषि कार्य से जुड़ा होने की जानकारी देकर वह मार्च 2024 से योजना का लाभ ले रही है। अब पूरा मामला खुलने के बाद महिला से रिकवरी की तैयारी चल रही है।



#### पति ने लगाई न्याय की गुहार

चौंकाने वाली बात यह है कि इस फर्जीवाड़े की शिकायत गजेंद्र सिन्हा ने खुद कलेक्टर धमतरी से की है। उन्होंने एक लिखित आवेदन देकर अपनी पत्नी पूनम सिन्हा द्वारा भरे गए महतारी वंदन योजना के फॉर्म और शपथ पत्र की जांच की मांग की है। गजेंद्र सिन्हा ने अपने आवेदन में स्पष्ट लिखा है कि उनकी पत्नी मार्च 2024 से अब तक इस योजना का लाभ ले रही हैं। यह शिकायत न केवल महतारी वंदन योजना की पात्रता पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए गलत शपथ पत्र दिए जा रहे हैं।

#### की जाएगी कार्रवाई

इस मामले की जानकारी मिली है। पूरी जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। फर्जी तरीके से महतारी वंदन की राशि ली जा रही है तो वसूली के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

- महेश मरकाम, *अधिकारी महिला बाल विकास विभाग*

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### चरित्र शंका पर पत्नी-बेटी की हत्या, उम्रकैद

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व चरित्र शंका पर पत्नी तथा बेटी की हत्या करने वाले आरोपी को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में हुई। घटना के समय आरोपी का बेटा अपने मामा तथा दादा के साथ प्रकाश मुनि के कार्यक्रम के लिए तिथि लेने रायपुर आया था। इस दौरान आरोपी ने अकेलेपन का फायदा उठाते हुए अपनी पत्नी तथा बेटी की हंसिया से हमला कर हत्या कर दी। अतिरिक्त लोक अभियोजक पूजा मोहिते के अनुसार कोर्ट ने योगेश कुमार वर्मा को कैद की सजा सुनाई है। योगेश ने 20 मई 2024 को अपनी पत्नी जानकी वर्मा तथा बेटी लवली उर्फ आरती की हत्या की थी। मृतका के बेटे विवेक ने थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### सूने मकान में नकदी, जेवर की चोरी

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी 1.62 हजार रुपए तथा सोने की माला चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पंडरी, कालीनगर निवासी गदाधर जगत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।


## निधन

### बोहरनराम ध्रुव



**धमतरी।** ग्राम मुजगहन के प्रतिष्ठित व्यक्ति बोहरनराम ध्रुव का 88 वर्ष की उम्र में जिला अस्पताल निधन हो गया। वे जिला पंचायत धमतरी के प्रचार-प्रसार अधिकारी एवं जिला हिन्दी साहित्य समिति धमतरी के अध्यक्ष डुमनलाल ध्रुव के पिताजी एवं मयंक कुमार ध्रुव के दादा हैं। उनका अंत्येष्टि कार्यक्रम आज 5 दिसंबर को मुक्तिधाम में होगा।

### रिसुमल कस्तुरिया



**धमतरी।** शहर के गणमान्य नागरिक रिसुमल कस्तुरिया का गुरूवार को निधन हो गया। उनके निधन पर समाजजनों व नागरिकों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। वे कमल कस्तुरिया, ईश्वर कस्तुरिया, रोशन कस्तुरिया, जगदीश के पिता व गुलशन, आदित्य, चिराग के दादा थे।

### बिसहतराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी बिसहत राम साहू का निधन 2 दिसंबर मंगलवार को हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे गीताबाई साहू के पति, सरपंच पेखन साहू, टिकेश साहू, त्रिलोकी साहू, राजू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम अरौद के शांति घाट में किया गया।

### बृजलाल सार्वा



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वरिष्ठ पेंशनर, संगठन सचिव, नव आनंद कला मंदिर के उद्घोषक तथा साहू समाज के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं देने वाले समाजसेवी बृजलाल सार्वा का 4 दिसंबर को सुबह 9 बजे निधन हो गया। मिलनसार एवं सरल स्वभाव के धनी सार्वा ने जीवनभर समाज, संस्कार और सेवा को अपना ध्येय बनाकर जनहित में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं नगरवासी शामिल हुए।

### भुजियाराम साहू

**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी भुजियाराम साहू का निधन 1 दिसंबर सोमवार को हो गया। वे अपने पीछे पत्नी सुखमबाई साहू, पुत्र सियाराम साहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

कलेक्टर ने किया बोईरगांव बहुद्देशीय केंद्र का अवलोकन, आदिवासी समाज के प्रमुखजनों से उनकी आवश्यकताओं, समस्याओं पर चर्चा की

# बहुद्देश्यीय केंद्रों से सुदृढ़ होगा जनजातीय विकास : अबिनाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से देशभर में निर्मित मल्टीपरपज सेंटरों का वर्चुअल लोकार्पण 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। इसी कड़ी में धमतरी जिले के नगरी विकासखंड स्थित ग्राम बोईरगांव में बने नवनिर्मित बहुउद्देशीय केंद्र का कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किया। जनजातीय समाज के प्रमुख लोगों ने कलेक्टर को खुमरी पहनाकर तीर धनुष भेंटकर स्वागत किया।



कलेक्टर ने बहुद्देश्यीय हॉल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं एएएम (आदिवासी सहायता एवं मार्गदर्शन) केंद्र का अवलोकन किया और इसकी उपयोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बहुउद्देशीय हॉल में आदिवासी समाज के प्रमुख लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और क्षेत्र की मूलभूत जरूरतों पर चर्चा की।

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक खेल खिलौने और विभिन्न शिक्षा सामग्री भी सौंपी गई। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने आजीविका संवर्धन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर फीडबैक लिया।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि बहुद्देश्यीय केंद्रों के माध्यम से न केवल सामुदायिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी, बल्कि ग्रामीणों के लिए आजीविका के नए अवसर भी विकसित होंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए और स्थानीय समुदाय को इसके प्रति जागरूक किया जाए।

उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ जंगल आधारित आजीविका, कृषि और लघु वन उपज के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास तथा अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य दूरस्थ और वंचित जनजातीय क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

कार्यक्रम के दौरान डीएफओ अरुण जैन, एसडीएम नगरी सुश्री प्रीति दुर्गम, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विमल साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जगरानी इक्का, डीपीएम प्रिया, जनपद सीईओ नगरी रोहित बोरझा, सरपंच जीवन नाग सहित विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छिपली-फरसियां मार्ग पर हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई

- ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी विकासखंड अंतर्गत छिपली-फरसियां मार्ग पर सड़क किनारे लगे बड़े-बड़े हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। सड़क किनारे वर्षों पुराने कौहा प्रजातियों के पेड़, जो गर्मी के दिनों में राहगीरों को छाया और राहत प्रदान करते थे, उन्हें बेरहमी से काटा जा रहा है। इतना ही नहीं खेतों के किनारे लगे पेड़ों को भी काटकर लकड़ियां खुलेआम ले जाई जा रही हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अगर रोड किनारे पेड़ की कटाई खुले आम कर रहे हैं तो जंगलों में तो और अधिक हो रहा होगा साथ यह अवैध गतिविधि लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनकी उदासीनता के चलते अवैध कटाई करने वालों के हौसले और भी बुलंद होते जा रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर जिले में एक पेड़ मां के नाम जैसे जनहितैषी अभियान के माध्यम से कलेक्टर स्वयं अधिक से अधिक पौधे लगाने की प्रेरणा दे रहे हैं। ऐसे में हरे-भरे और वर्षों पुराने पेड़ों का बिना रोक-टोक कट जाना पर्यावरण संरक्षण प्रयासों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि अवैध कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा जिम्मेदार व्यक्तियों व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण संतुलन को सुरक्षित रखा जा सके।

# छात्रों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

- पुलिस ने कांटा कुर्रीडीह में ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया
- युवाओं को जागरूक करने पुलिस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



पुलिस ने छात्रों को सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने ग्राम कांटा कुर्रीडीही में ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया। एसपी धमतरी के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज के एनएसएस छात्रों और स्थानीय स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अधिकारियों ने सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात नियमों के पालन तथा नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का अधिकारियों ने सरल भाषा में समाधान भी किया।

पुलिस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी और युवाओं को नशामुक्त जीवन की ओर प्रोत्साहित करने ऐसे कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। कार्यक्रम में पुलिस स्टाफ, कॉलेज प्राध्यापक, सरपंच, स्थानीय महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# किसानों की दुर्दशा के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। भाजपा सरकार की लापरवाही और प्रशासनिक अव्यवस्था ने किसानों को गंभीर संकट में डाल दिया है। शासन द्वारा धान उठाव हेतु आज तक टेंडर जारी नहीं किए जाने से खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था बढ़ती जा रही है। धान का भंडारण, परिवहन और उठाव ठप होने से खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित है। किसानों के एग्रीस्टेक पंजीयन में रकबा कम कर दिया गया है, जिसके कारण किसान अपने वास्तविक उत्पादन का धान बेच नहीं पा रहे। केंद्रों में टोकन जारी नहीं हो रहे हैं। कई जगहों में तिथि आगे बढ़ाई जा रही है। किसान लगातार खरीदी केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। ज्यादातर धान खरीदी केंद्रों में घटिया और अनुपयोगी बारदाना भेजे जा रहे हैं, जिससे धान भरने, ढुलाई और सुरक्षित रखने में भारी समस्या आ रही है।

# मिट्टी संस्कार के लिए भूमि आवंटन करने की मांग

- नगर पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष ने वनमंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 8 अंतर्गत ग्राम पंचायतकालीन की चारागाह भूमि पर यहां के रहवासियों द्वारा कई वर्षों से मिट्टी संस्कार का कार्य किया जा रहा है। लेकिन भूमि नगर पंचायत नगरी के नाम दर्ज न होने के कारण वहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य संभव नहीं हो पा रहा है।

इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने एकदिवसीय धमतरी प्रवास पहुंचे वन मंत्री केदार कश्यप के समक्ष विभिन्न मांगे रखीं। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने मंत्री को अवगत कराया कि यह भूमि फॉरेस्ट लैंड होने के कारण पूर्व में वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नगरी को चारागाह हेतु दी गई थी, परंतु अब पुनः वन विभाग द्वारा कब्जा करते हुए तार से फेंसिंग की जा रही है। उन्होंने मांग की कि लगभग 8 एकड़ भूमि को नगर पंचायत नगरी के नाम हस्तांतरित किया जाए जिससे मिट्टी संस्कार व स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए स्थायी रूप से निर्माण कार्य किए जा सके।

मंत्री ने इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए धमतरी डीएफओ को तुरंत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत अध्यक्ष ने बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में निवासरत लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, वार्ड नंबर 12 में हरदीभाटा रोड पर ऑक्सीजन नगर के लिए प्रदूषण मुक्त वातावरण, गार्डन निर्माण एवं ऑक्सीजन जनरेशन हेतु लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य स्वीकृत करने का आग्रह भी किया गया। वनमंत्री श्री कश्यप ने सभी आवेदन स्वीकार करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### खपरी सिलीडीह के युवक का आबकारी निरीक्षक पद पर हुआ चयन

# माता-पिता का सपना पूरा करने आईएएस की तैयारी करेंगे महेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव



कुरूद विकासखंड के ग्राम खपरी सिलीडीह निवासी महेश्वर कंवर पिता भैयाराम कंवर ने अपनी मेहनत, लगन और मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट सफलता हासिल करते हुए आबकारी निरीक्षक पद प्राप्त किया है। साधारण मजदूरी करने वाले गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले महेश्वर की इस उपलब्धि से पूरे खपरी, भखारा क्षेत्र और धमतरी जिले में खुशी का माहौल है।

महेश्वर कंवर ने बताया कि सफलता का मूल मंत्र निरंतरता, आत्मविश्वास और सही दिशा में की गई मेहनत है। वह उच्च शिक्षा के लिए साइकिल से सिलीडीह पहुंचकर बस द्वारा रायपुर जाते थे और वहीं कोचिंग कर अपनी तैयारी को मजबूती देते रहे। उन्होंने कहा कि अबकारी निरीक्षक बनने का यह सफर उनके माता-पिता के सपनों को पूरा करने की पहली सीढ़ी है और आगे वे आईएएस की तैयारी करेंगे।

गांव के कांतु कंवर, मोती कंवर, जितेन कंवर, राजू कंवर, छोटू कंवर, मनीष, प्रीतम, चैन सिंह, भीम, जगदीश, गुलशन, संतोष सहित ग्रामीणों ने बताया कि महेश्वर कंवर का चयन गांव के लिए गर्व की बात है। उनके माता-पिता भले ही निरक्षर हैं, लेकिन उन्होंने अपने बेटे की पढ़ाई में कभी कोई कमी नहीं रहने दी। सफलता की खबर मिलते ही ग्रामीणों ने महेश्वर का फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। महेश्वर की उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है

# चरमुड़िया स्कूल के छात्रों ने चखा न्योता भोज का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)



शासकीय प्राथमिक शाला रेलवे स्टेशनपारा चरमुड़िया में डगेश्वर पटेल ने अपने स्वर्गीय दादाजी धरम पटेल के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं शाला स्टाफ को खीर पूड़ी, आलू चना की सब्जी, चावल दाल परोसा गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक गायत्री चंद्राकर, सहायक शिक्षक चेमनलाल साहू, रसोईया सुशीला निर्मलकर, सहयोगी सोहद्रा भोई, सफाई कर्मचारी डगेश्वर पटेल उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र. 202510130100021 अ/21(1)
वर्ष 2025-26
ग्राम-धमतरी प.ह.नं. 33

सर्वसाधारण आम जनता धमतरी प.ह.नं. 33 तहसील व जिला धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक/विक्रेता लक्ष्मी बाई ध्रुव पति स्व. गीतूराम ध्रुव जाति गोंड़ (आदिवासी) निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी श्यामतराई, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा ग्राम धमतरी प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. धमतरी तहसील धमतरी स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 961/17 रकबा 0.0060 हेक्टयर (646.00 वर्गफीट) भूमि को पुत्रों एवं पुत्री के विवाह हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण विक्रय अनुमति चाही गई है। अनावेदक/क्रेता गजेन्द्र ध्रुवंशी पिता विनायक ध्रुवंशी जाति धुरी (गैर-आदिवासी) निवासी नेहरू स्कूल, नयापारा वार्ड नं. 22 धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) के पक्ष में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के अन्तर्गत विक्रय अनुज्ञा की मांग के संबंध में कार्यालय कलेक्टर महोदय धमतरी से प्रतिवेदन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन रखा गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक **08/12/2025** तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **23/11/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**धमतरी (छ.ग.)**

# सेना में अधिकारी बनने दिया मार्गदर्शन

- तर्रागोंदी में सिलौटी स्कूल के रासेयो छात्रों ने लगाया सात दिवसीय विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा



ग्राम तर्रागोंदी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में खुमान साहू एआरओ एनसीसी सेजेस चर्रा एवं सेवकराम बांधे सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर पाटन शामिल हुए। खुमान साहू ने शिविरार्थी स्वयंसेवकों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सेना में अधिकारी बनने के लिए जरूरी योग्यता, शारीरिक मापदंड, शैक्षणिक योग्यता, सेना में एनडीए, सीडीएस जैसे राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया। सेवकराम बांधे ने यूपीएससी व सीजीपीएससी पर मार्गदर्शन व जरूरी सुझाव दिये तथा सेवा, साधना, समर्पण को जीवन में आत्मसात करने प्रेरित किया। परियोजना कार्य के तहत शीतला मंदिर परिसर, हनुमान मंदिर परिसर, टिपानी पहुंच मार्ग की सफाई की गई। शिविर में संतराम निषाद, विनायक साहू, राणिका साहू, संतोष साहू, समीर साहू, साहिल, लीलेश्वर, चम्पेश्वर साहू, संतोष ध्रुव, कार्यक्रम अधिकारी संतोष जैन का सराहनीय योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### धान का रकबा शून्य किसान हैं परेशान

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के आमागढ़ निवासी किसान हुमेश साहू एवं सिवनी निवासी परदेशी राम मंडावी ने बताया कि वे हर साल की तरह इस वर्ष भी धान बेचने पहुंचे, लेकिन पोर्टल में उनका रकबा शून्य दिखाई दे रहा है। उन्होने बताया कि रकबा सुधार के बिना धान बिक्री संभव नहीं है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। विभाग ने रकबा त्रुटि सुधार नहीं किया गया, तो उनकी पूरी फसल बिक्री के बिना ही खराब होने का जोखिम है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या शीघ्र हल नहीं हुई, तो वे आगे आंदोलन की राह भी अपना सकते हैं।

### युवती ने जहर खाकर दी जान, मर्ग कायम

**पखांजुर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 55 हरिनगर निवासी 19 वर्षीय शेफाली महालदार का इलाज के दौरान 3 दिसंबर को मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर खा लिया था, जिसके कारण मौत हुई है। मृतिका ने जहर क्यो खाया यह जांच का विषय है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्राम पटेल के लिए प्रभुराम का सर्वसम्मति से चयन

**अंतागढ़।** अंतागढ़ के ग्राम पंचायत कलगांव में आयोजित ग्रामसभा बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम पटेल का चयन किया गया। ग्राम के परंपरागत गावड़े परिवार द्वारा पूर्वजों से निभाई जा रही पटेली की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ग्रामवासियों ने प्रभुराम गावड़े पिता दुखरूराम गावड़े को नए ग्राम पटेल के रूप में चुना। ग्रामवासियों ने पूर्ण सहमति से उन्हें यह दायित्व सौंपा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कलगांव की सरपंच प्रमिला नरेन्द्र नाग सहित ग्राम के वरिष्ठजन, महिलाएँ, युवा एवं आम ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नव-चयनित पटेल को बधाई देते हुए कहा कि वे गांव के राजस्व कार्यों सहित अन्य समस्त सामाजिक, सामुदायिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएँ, जिससे गांव में आपसी एकता, भाईचारा, सुख-शांति और समृद्धि का वातावरण कायम रहे।

### सर्पदंश से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत पीव्ही 92 निवासी 35 वर्षीय जनार्दन रंग का साप के काटने से 26 सितंबर को मोत हो गया। छोटेबेठिया निवासी जनता रंग ने पुलिस को बताया कि मृतक को साप ने काट लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत हो गया। पखांजुर थाना से मर्ग डायरी छोटेबेठिया थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अज्ञात कारणों से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 107 निवासी 32 वर्षीय परिमल बढ़ई का अज्ञात कारणो से मौत हो गया। पीव्ही 107 निवासी 38 वर्षीय निर्मल बढ़ई ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच अज्ञात कारणो के चलते मृतक का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्रो-कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता 19 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम घमरे में नव युवा संगठन के तत्वावधान में ओपन प्रो-कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 19 से 21 दिसंबर तक हासपेन सुखराम सलाम खेल मैदान में आयोजित होगी।
खेल प्रेमी युवाओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इस खेल महोत्सव में महिला एवं पुरूष वर्ग कबड्डी तथा पुरुष वॉलीबॉल स्पर्धाएँ होंगी।

### शराब पीने की सुविधा दी, पकड़ाया ग्रामीण

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 3 दिसंबन को आरोपी स्कुलपारा बांदे निवासी असीम अधिकारी को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी द्वारा अन्य लोगो को शराब पीने की सुविधा दिया जा रहा था।

राजाराव पठार में होने वाले वीर मेले की तैयारी में जुटा आदिवासी समाज

# आदिवासी लोकनृत्य, रेला पाटा, पारंपरिक कलाओं की आकर्षक झलक देखने को मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी






इस वर्ष भी शहीद वीरनारायण सिंह की शहादत की स्मृति में 8, 9 एवं 10 दिसंबर 2025 को राजाराव पठार करेंझर गुरुर में धूमधाम से वीर मेला आयोजित किया जा रहा है। देवनाथ नेताम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तहसील कुरुद ने बताया कि वीर मेला लगातार 12 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आदिवासी संस्कृति, परंपरा, युवाओं की ऊर्जा और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिलती है। देव मिलन, हाट बाजार एवं युवा सम्मेलन 8 दिसंबर को होगा। प्रातः 8 बजे राजा राव बाबा, मां कंकालीन बड़ादेव एवं अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 10 बजे ध्वजारोहण एवं आदिवासी हाट-बाजार का शुभारंभ होगा। इसके बाद विभिन्न देवी-देवताओं का आगमन, अतिथियों का स्वागत, समाज प्रमुखों का उद्बोधन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। युवा सम्मेलन के प्रमुख अतिथि अरविंद नेताम, जीआर राणा, अकबरराम कोर्राम, आरसी नेताम, नंदकुमार साय, कमलेश ध्रुव, नकुलराम चंद्रवंशी, जीवराखन मरई, तुकाराम कोर्राम, कन्हैया उसेंडी होंगे। 9 दिसंबर को मातृशक्ति सम्मेलन एवं आदिवासी प्रतिभा सम्मान होगा।

मुख्य अतिथि लक्ष्मी रजवाड़े मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग होंगी। अध्यक्षता मंजू प्रभाकर करेंगी। विशिष्ट अतिथि सुशील नेताम, नीलिमा श्याम, उत्तरा मरकाम, ईश्वरी नेताम, राखी गोटा होंगे। 2 बजे से आदिवासी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। विशिष्ट अतिथि संगीता सिन्हा विधायक संजारी बालोद, कुंवर सिंह निषाद, अनिला भेड़िया, सावित्री मंडावी, अंबिका मरकाम, ओंकार साहू होंगे। 10 दिसंबर को वीर रथ का आगमन एवं श्रद्धांजलि सभा होगी। मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री होंगे। अध्यक्षता अरविंद नेताम प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि रामविचार नेताम मंत्री, केदार कश्यप वन मंत्री, लता उसेंडी विधायक कोंडागांव, भोजराज नाग सांसद कांकेर, विक्रम उसेंडी, आसाराम नेताम, नीलकंठ टेकाम, रूपसिंह मांडवी, श्रीमती तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, तेजराम साहू, सुनीता संजय साहू, कौशल्या भोजराम चंद्रवंशी एवं कन्हैयालाल साहू सरपंच करेंझर होंगे।

## प्रसूता को धमतरी ले जा रही 108 एंबुलेंस बीच रास्ते में हुई खराब

- मां और बच्चे की जान पर बन आया संकट, दूसरी एंबुलेंस से पहुंचे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरी से एक प्रसूता (डिलीवरी केस) को धमतरी रेफर किया जा रहा था, लेकिन रास्ते में बड़ा हादसा टल गया। नगरी-भारतमाला मार्ग पर केरेगांव के पास 108 एंबुलेंस अचानक खराब हो गई, जिसके चलते मरीज और परिजनों को घंटों तक सड़क पर इंतजार करना पड़ा। बीच जंगल में एंबुलेंस के रुक जाने से प्रसूता महिला और पेट में पल रहे शिशु की स्थिति को लेकर परिजन बेहद चिंतित रहे।

एंबुलेंस चालक ने बताया कि सूचना पर धमतरी से दूसरी 108 एंबुलेंस भेजी गई, जिसके आने के बाद मरीज को अस्पताल पहुंचाया जा सका। उन्हों बताया कि यह वाहन लगभग 10 साल पुराना है, जिसके कारण यह आए दिन खराब हो जाता है। इसका संचालन ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा है। पुराने वाहनों की समय रहते मरम्मत या बदलने पर ध्यान नहीं दिया जाता, जिससे इस तरह की गंभीर स्थिति बार-बार पैदा होती है।

ग्रामीणों, मितानिनों का कहना है कि 108 जैसी आपातकालीन सेवा स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे में पुराने और खराब हो चुके वाहनों का प्रयोग मरीजों की जान से खिलवाड़ जैसा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से नगरी क्षेत्र में संचालित 108 एंबुलेंस की तुरंत जांच करने, पुराने वाहनों को बदलकर नई एंबुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की। वहीं 108 के चालक ने बताया कि दो माह से वेतन नहीं मिल रहा है जिसके चलते आर्थिक व्यवस्था खराब हो रही है।

## सेजेस कंडेल में बाल विवाह रोकथाम की ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कण्डेल में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलवाई। नीलम साहू परियोजना समन्वयक एवं कुमारी जागृति ध्रुव द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम तथा बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा समाज में जागरूकता फैलाने के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एसके साहू, जेके सार्वा, डॉ. आरके मिश्रा, श्रीमती आर. बघेल, श्रीमती ए. कुटारे, श्रीमती एनआर गुप्ता, श्रीमती एस. थापा, सीपी साहू, डीके जोशी, केके साहू, डीके देवांगन, व्हीके कुर्रे, ऋषभ चंद्राकर, प्रणव यादव, कौशल सिन्हा सहित अनेक शिक्षकगण मौजूद थे। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों से बाल विवाह के उन्मूलन हेतु जागरूकता फैलाने एवं समाज को सही दिशा देने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

## हाईवे में पशु दुर्घटना को रोकने गोधाम योजना को आवश्यक बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



जनपद पंचायत कुरूद में गोधाम समिति की विकासखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष गोधाम समिति हेमराज सोनी, सदस्य रंजीत साहू, रमन साहू, गोधाम विकासखंड अध्यक्ष दक्षिणेंद्र गिरी, इंद्र कुमार, योगेंद्र साहू एवं श्री राम गौशाला सिलिडीह के अध्यक्ष दुलार सिन्हा उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में गोधाम हेतु प्राप्त आवेदनों की समीक्षा एवं नवीन गोधाम के संबंध में चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद ने गोधाम योजना में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में तहसीलदार श्रीमती दुर्गा साहू भी उपस्थित थीं। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अवधेश मरकाम ने विस्तार से योजना की रूपरेखा से सभी सदस्यों को अवगत कराया।

रंजीत साहू ने नेशनल हाईवे में पशु दुर्घटनाओं को रोकने गोधाम योजना को आवश्यक बताया। अध्यक्ष हेमराज सोनी ने गोधाम गौठानों पर विस्तार से समीक्षा की। विकासखंड गोधाम अध्यक्ष दक्षिणेंद्र गिरी ने नवीन गोधाम का प्रस्ताव रखा। सदस्यों को शीघ्र नवीन प्रस्ताव प्रेषित का निर्देश दिया गया। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेंद्र सिन्हा ने प्राप्त आवेदन की समीक्षा एवं गोधाम की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुराधा एवं आभार व्यक्त डॉ तरुण साहू पशु चिकित्सालय प्रभारी कुरुद ने किया। कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्र के पशुपालक उपस्थित थे।

## पुल पर बना बड़ा गड्ढा दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण



- ग्रामीण लकड़ी और टहनी लगाकर लोगों को कर रहे सचेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम अमाली के पास 15 दिन से पुल पर बना बड़ा गड्ढा दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। सड़क के बीचों-बीच गड्ढा इतना गहरा हो चुका है कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह गंभीर खतरा बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने स्वयं पहल करते हुए गड्ढे के बीच लकड़ी और टहनी गाड़कर अस्थायी संकेत लगाया है, ताकि आने-जाने वाले लोगों को दूर से ही गड्ढे का पता चल सके।

लेकिन यह समाधान स्थायी नहीं है। सुबह-शाम सड़क से आवाजाही करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वाहन चालक अचानक गड्ढे के पास पहुंचकर संतुलन खो देते हैं और हादसा होते-होते बच जा रहे है। वहीं साइकिल और बाइक चालकों के गिरने की घटनाएं बड़ी हो सकती है।

चेतन, राहुल, दीनदयाल, अमर सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है। छात्र छात्राओं की नियमित आवाजाही इसी सड़क से होती है। अभी किसानों का खेती कार्य भी चल रहा है। इस रोड पर भारी वाहन चल रहे हैं।

इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक किसी भी प्रकार की मरम्मत या सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों ने विभाग से तत्काल सड़क मरम्मत कराने व गड्ढे को भरने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो सड़क की यह लापरवाही किसी अनहोनी का कारण बन सकती है।

## नवकार महिला मंडल द्वारा 26वीं बच्ची को शादी की सामग्री प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नवकार महिला मंडल द्वारा 26 वीं बिटिया मेघा यादव स्टेशन पारा को शादी के लिए आवश्यक सामग्री देकर हंसी-खुशी विदा किया। धमतरी की स्टेशन पारा की मेघा यादव का विवाह कामाख्या यादव रायपुर में तय हुआ। मेघा चार बहने और मां है और घर में कोई कमाने वाला नहीं है। मां की उम्र होने की वजह से वह काम नहीं कर पाती। ऐसे में मेघा की शादी के लिए जरूरी सामान भी एकत्रित नहीं हो पा रहा था। तब स्टेशन पारा में रहने वाले किसी ने उन्हें नवकार महिला मंडल के बारे में बताया क्योंकि इसके पहले भी नवकार महिला मंडल स्टेशन पारा की एक बच्ची की मदद कर चुकी है।जब नवकार महिला मंडल से मदद मांगी गई तो मंडल ने उनकी जरूरत को समझते हुए उनकी मदद करना स्वीकार्य किया।

अध्यक्ष संतोष मिन्नी ने उसकी मां का ध्यान रखने के लिए जब जरूरत हो तब मदद करने का आश्वासन दिया। नवकार महिला मंडल द्वारा मेघा को 6 साड़ी, एक लहंगा चुन्नी, एक सेट, मंगलसूत्र, अंगूठी, पायल, चूड़ियां, श्रृंगार का सामान, सूटकेस, रजाई, चादर, टॉवल, नैपकिन, गलीचा, बर्तन और जरूरत का सामान भेंट स्वरूप देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे ढेर सारी शुभकामनाएं दी और साथ ही शाकाहारी बनने व दूसरों को भी प्रेरित करने की सीख दी। बच्चों की मां और उसके पूरे परिवार वाले मंडल को शादी का निमंत्रण देकर सहयोग की प्रशंसा की एवं अपनी खुशी जाहिर की। इस अवसर पर मंडल की अध्यक्ष संतोष मिन्नी, सचिव कुसुम गोलछा, रीता, दीपा छाजेड़, आशीर्वाद के लिए राजुला शाह भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

## फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण मिट्टी की उर्वरता होगी प्रभावित

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किसानों से फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में वायु गुणवत्ता और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने किसानों से खेतों में फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील की है। इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेष जलाना पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरता और जन स्वास्थ्य सभी के लिए हानिकारक है। सरकार किसानों को अवशेष प्रबंधन के लिए सभी तकनीकी सहयोग उपलब्ध करा रही है। किसान अवशेष न जलाएं और आधुनिक, पर्यावरणहितैषी तरीकों को अपनाकर सतत कृषि की दिशा में योगदान दें।

उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने कहा कि फसल अवशेष जलाने से निकलने वाले धुएं में मौजूद जहरीली गैसें न केवल मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं, बल्कि वायु प्रदूषण भी चिंताजनक स्तर तक बढ़ जाता है। फसल अवशेष जलाने से ग्रीन हाउस प्रभाव बढ़ाने वाली गैसें जैसे कृमिथेन, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड तथा अन्य हानिकारक प्रदूषक बड़ी मात्रा में उत्सर्जित होते हैं। इससे फेफड़ों के रोग, कैंसर उत्प्रेरक तत्वों समेत कई स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं। अवशेष जलाने से मिट्टी की ऊपरी 15 सेंटीमीटर सतह पर मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीव पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की जैविक सक्रियता कम होती है और अगली फसल की जड़ों की वृद्धि प्रभावित होती है। इसके अलावा, खेतों के मित्र कीट जैसे केंचुए और मकड़ियां खत्म हो जाती हैं, जिससे प्राकृतिक कीट नियंत्रण बाधित होता है और किसानों को महंगे कीटनाशकों पर निर्भर रहना पड़ता है।

## विश्व एड्स दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विश्व एड्स दिवस पर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धमतरी रामकुमार तिवारी के निर्देशन में श्रीमती नेहा उसेन्डी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर में छात्र–छात्राओं को एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

उन्होंने एड्स की रोकथाम के उपाय तथा कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। विद्यार्थियों को बताया गया कि एचआईवी संक्रमण कैसे फैलता है। सुरक्षित जीवनशैली, नियमित जांच व समय पर उपचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने संक्रमित व्यक्ति के प्रति भेदभाव न करने, उनकी सम्मान की रक्षा करने का संदेश दिया। उनकी गोपनीयता भंग करना, चिकित्सा में बाधा डालना, भेदभाव करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने बाल विवाह को लेकर दंडात्मक प्रावधान, बच्चों के भविष्य पर पड़ने वाले प्रभाव, साइबर बुलिंग, फेक प्रोफाइल, निजी डेटा की सुरक्षा, ऑनलाइन फ्रॉड और शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, पॉक्सो एक्ट– बच्चों को लैंगिक शोषण से पूर्ण सुरक्षा देने वाला कड़ा कानून एवं रिपोर्टिंग प्रक्रिया, छग टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम, टोना–टोटका के नाम पर होने वाली हिंसा, उत्पीड़न को रोकने के लिए बनाये गए सख्त प्रावधान एवं दंड की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि प्राधिकरण के अधिकार मित्रों के द्वारा भी धमतरी जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

### कंडेल कॉलेज में एड्स दिवस पर हुई पोस्टर-रंगोली स्पर्धा

**धमतरी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. हीरालाल कुर्रे ने एड्स के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह एक लाइलाज बीमारी है जिसे केवल फैलने से रोका जा सकता है। महाविद्यालय में पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने एड्स की रोकथाम से संबंधित विभिन्न चित्रकला को प्रदर्शित किया। रंगोली प्रतियोगिता में एड्स संबंधित विभिन्न गतिविधियों का चित्रात्मक प्रदर्शन किया गया।

खरीदी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने दिए आवश्यक निर्देश

# कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केंद्र सांकरा का किया औचक निरीक्षण, किसानों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नगरी विकासखंड के ग्राम सांकरा स्थित धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्था का जायज़ा लिया। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य 15 नवंबर से सुचारु रूप से जारी है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र में की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एसडीएम प्रीति दुर्गम और विभागीय अधिकारियों ने धान खरीदी की तैयारियों, प्रगति एवं अब तक की स्थिति की जानकारी दी। कलेक्टर ने केंद्र में बारदाना उपलब्धता, डेनेज व्यवस्था, परिवहन, टोकन प्रणाली, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बायोमेट्रिक स्टैकिंग एवं ऑपरेटर की उपलब्धता जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर धान की बोरी का तौल कर वजन की शुद्धता की जांच की तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी करने के स्पष्ट निर्देश दिए। आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी की जांच करते हुए उन्होंने अधिकारियों को किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने किसानों के लिए पेयजल, छाया एवं बैठने की सुविधाओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी रहे।

## खबर संक्षेप



### थाने में महिला आरक्षक का केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के नवपदस्थ एसपी पंकज चंद्रा ने पुलिस परिवार में आपसी सामंजस्य और उत्साह का माहौल बनाए रखने के लिए एक नई पहल की है। जिसमें जिले के सभी थानों कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के जन्मदिन को मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की रात 8 बजे स्थानीय थाने में पदस्थ महिला आरक्षक भानूप्रिया के जन्मदिन को पूरे स्टॉफ के लोगों ने केक काटकर मनाया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### नवोदय विद्यालय में आधार शिविर लगाया जाएगा कल

**कोंडागांव।** पोस्ट ऑफिस द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय में कल आधार नामांकन सुधार शिविर लगाया जाएगा। साथ ही साथ नए आधार कार्ड बनाये जाएंगे। शिविर अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर के आदेश के तहत उप–संभागीय निरीक्षक डाक आर. एस.मिश्रा एवं मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव शेख रूहुल ताज के मार्गदर्शन में सम्पन किया जाना है। साथ ही फरसगांव पोस्ट ऑफिस के द्वारा हाईस्कूल मालाकोट में आधार शिविर नियत किया गया है।

### राज्य वीरता पुरस्कार 2025 बच्चों का नामांकन 20 तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2025 के लिए राज्य वीरता पुरस्कार" के नामांकन आमंत्रित किए हैं। जो बालक–बालिका ने डूबते बच्चे को बचाया, आग से किसी की जान बचाई, चोरी–लूट में बहादुरी दिखाई, या कोई भी असाधारण साहस किया हो उसे 25,000 रुपये नकद, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। घटना के समय बच्चे की उम्र 18 वर्ष से कम हो, कलेक्टर का अनुशंसा पत्र, एफ.आई.आर या पुलिस डायरी की कॉपी, समाचार पत्र की कटिंग यदि हो 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो सक्षम अधिकारी से प्रमाणित 4 अतिरिक्त फोटो, घटना का पूरा विवरण, आवेदन 3 प्रतियों में 20 दिसंबर को महिला एवं बाल विकास विभाग, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक–92, कोण्डागाँव में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित विभाग से कार्यालयीन समय एवं दिवस में 15 दिसम्बर 2025 तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

### पिकअप-बाइक की टक्कर में हेड मास्टर हुए घायल

**फरसगांव।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम बड़ेडोंगर के पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार को अपरान्ह 4:30 बजे पिकअप और बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार फरसगांव निवासी शिक्षक कार्तिक दुग्गा उम्र 58 वर्षीय घायल हो गए। जिन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर में रिफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम फरसगांव रावणभाटा निवासी कार्तिक दुग्गा ग्राम सदाडी के शा. माध्यमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। हर दिन की तरह शाम को बाइक में सवार होकर स्कूल से घर वापस आ रहे थे।

शहर को धूल से मिलेगी जल्द राहत : पैचवर्क के लिए शासन से मिले हैं 6 करोड़ रुपए

# जिले की उखड़ी सड़कों की तेजी से हो रही मरम्मत, सप्ताहभर में पूरा होगा पैचवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर और जिले की उखड़ी सड़कों को दुरुस्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत कार्यों में तेजी ला दी है। लगातार मिल रही शिकायतों और बारिश के बाद सड़कों की खराब स्थिति को देखते हुए शासन ने पैचवर्क के लिए 6 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। विभाग के इंजीनियर श्री पैकरा ने बताया कि शहर में पैचवर्क कार्य एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया के तहत सड़कों का मजबूती के साथ डामरीकरण किया जाएगा।



बरसात के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्र की मुख्य व संपर्क सड़कों पर बड़ी मात्रा में गड्ढे बन गए थे, जिससे आमजन का आवागमन प्रभावित हुआ। शहर की उखड़ी सड़कों से उड़ती धूल ने लोगों को काफी परेशान किया था। पैचवर्क शुरू होने के बाद नागरिकों को इससे राहत मिलनी शुरू हो गई है। डामरीकरण पूरा होते ही शहर की तस्वीर बेहतर होगी और सड़कों पर सुगम यातायात बहाल होगा।

लोक निर्माण विभाग और नगर निगम ने संयुक्त रूप से शहर में बीटी पैच मरम्मत व संधारण कार्य को गति दी है। धमतरी शहरी क्षेत्र, सिहावा मार्ग और शहर से गुजरने वाले राज्य मार्गों पर आवश्यकतानुसार बिटुमेन से नियमित मरम्मत की जा रही है। शिकायत मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर गड्ढे भरने का काम कर रही है।

ईई सतिंदर चहल ने बताया कि मरम्मत एवं संधारण कार्यों के लिए एजेंसी निर्धारित की जा चुकी है और शासन ने इन सभी कार्यों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है। वर्तमान में निर्धारित एजेंसी शहर के प्रमुख मार्गों पर बीटी पैचवर्क कर रही है और कार्य की गति को और बढ़ाया गया है, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द बेहतर सड़क सुविधा मुहैया हो सके। उनका कहना है कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता सड़कों को सुरक्षित, मजबूत और सुचारू यातायात योग्य बनाए रखना है। निरीक्षण और त्वरित मरम्मत की प्रक्रिया भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। तेजी से चल रहे पैचवर्क और आगामी डामरीकरण से उम्मीद है कि धमतरी की सड़कें जल्द ही धूल और गड्ढों से मुक्त होकर पहले से ज्यादा बेहतर और सुरक्षित नजर आएंगी।

## कानूनी अधिकार, सहायता सेवाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकुमार तिवारी के निर्देशन में श्रीमती उषा गेंदले अपर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा शासकीय उद्यानिकी रोपणी बेन्द्रानवागांव में तथा श्रीमती नेहा उसेंडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर एक्जेक्ट फाउंडेशन में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीमती उषा गेंदले ने शासकीय उद्यानिकी रोपणी में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं एवं लोगों को चेक बाउंस, विधिक सहायता, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, नवीन कानून, मोटरयान अधिनियम, छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के बारे में बताया।

नेहा उसेन्डी ने एक्जेक्ट फाउंडेशन में बच्चों को सरल, सुलभ और सांकेतिक भाषा के माध्यम से कानूनी अधिकार, सुरक्षा कानून और सहायता सेवाओं की जानकारी दी। लघु फिल्म के माध्यम से गुड टच और बैड टच, नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया।

## जिले में अब तक 12 लाख क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य सुव्यवस्थित और तेज गति से जारी है। धान खरीदी वर्ष 2025-26 हेतु धमतरी जिले की कुल 74 समितियों में अब तक 1,28,602 किसानों द्वारा 1,23,087.10 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है।

15 नवंबर 2025 से प्रारंभ हुए उपार्जन कार्य के अंतर्गत अब तक 25,539 किसानों से 11,80,833.20 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसका कुल मूल्य 280.13 करोड़ रुपये है। कलेक्टर के निर्देशन में सभी समितियों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। धान की आवक बढ़ने के साथ ही नमी परीक्षण, तुलाई, भंडारण तथा परिवहन की प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

इसी क्रम में 5 दिसंबर 2025 को धान विक्रय के लिए आने वाले किसानों हेतु 2,861 टोकन जारी किए गए हैं, जिनमें 1,23,424.44 क्विंटल धान उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित है। प्रशासन द्वारा सभी किसानों से निर्धारित तिथि और समय पर केंद्रों में धान लेकर पहुंचने की अपील की गई है, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित हो सके।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती महोत्सव एवं विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्यों तथा जिले के अनेक दिव्यांगजनों ने 3 दिसम्बर को एक जागरूकता रैली निकाली। यह रैली घनश्याम सिंह साहू, बसंत कुमार विश्वनोई और संतोषी विश्वनोई के नेतृत्व में जनपद कार्यालय धमतरी से प्रारंभ होकर जिलाधीश कार्यालय तक निकाली गई। रैली में आसपास के दिव्यांग मित्रों ने पैदल और ट्राइसाइकिल के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागी दिव्यांगजन नौकरी की आस छोड़ो, स्वरोजगार से जुड़ो का प्रेरक स्लोगन बुलंद कर रहे थे।



रैली के उपरांत समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विश्व दिव्यांग दिवस के खेलकूद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अजय चंद्राकर विधायक कुरुद, रामू रोहरा महापौर धमतरी, धनेश्वरी साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर दिव्यांगजनों का मनोबल बढ़ाया तथा समाज में अधिक अवसर और समावेशन की आवश्यकता पर जोर दिया।

समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक श्रीमती मनीषा पांडे के नेतृत्व में जिले की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षकों व प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम में रोहित साहू, सोमन, शिवकुमार, डेरहाराम, नीलकंठ, सुलोचना, सुलेखा, अली, मिलापराम, मेश्राम, भानूराम, पार्वती, डाली, होलाराम, लोमेश सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

## धान खरीदी की लिमिट बढ़ाकर उठाव में तेजी लाए सरकार : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई है। धान खरीदी प्रक्रिया को करीब 17 दिन बीत चुके हैं लेकिन धमतरी जिले में किसान अब भी गंभीर अव्यवस्था का सामना कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने विष्णुदेव सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि किसान आज टोकन के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जबकि सरकार केवल आश्वासन देने में व्यस्त है।



किसान सुबह से ही केंद्रों में लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं, मगर न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन टोकन आसानी से उपलब्ध हो पा रहे हैं। कई किसान हफ्तों से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सिस्टम में टोकन स्लॉट खुल ही नहीं रहा है। छत्तीसगढ़ में साय सरकार के गठन के बाद से ही किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। कभी खाद वितरण की समस्या, तो कभी पटवारी कार्यालयों के चक्कर। धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी की लिमिट को न्यूनतम स्तर पर ला दिया गया है। श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि किसानों का धान कटकर पूरी तरह तैयार है, लेकिन बेचने के लिए उन्हें दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि सरकार तत्काल टोकन व्यवस्था दुरुस्त करें। धान उठाव में तेजी लाए। खरीदी केन्द्रों में लिमिट को बढ़ाए और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें। ये मांगे सोमवार तक पूरी नहीं होने पर सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## दिव्यांगजन हमारे समाज की असली प्रेरणा : रोहरा



- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर संवेदना, सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से प्रेरणादायी एवं उत्साहवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आए दिव्यांगजन अपनी कला, प्रतिभा और आत्मविश्वास के साथ मंच पर उतरे। उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावुक कर दिया और यह संदेश दिया कि दिव्यांगता कभी भी किसी की क्षमता को कम नहीं करती, अवसर और समर्थन मिलने पर वही लोग समाज की शक्ति बनते हैं।

कार्यक्रम में व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, स्मार्ट स्टिक सहित विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली दिव्यांगजन प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज की असली प्रेरणा हैं। उनकी संवेदनशीलता, संघर्षशीलता और आत्मबल हम सभी को आगे बढ़ने की ताकत देता है। नगर निगम दिव्यांगजन हितैषी योजनाओं को प्राथमिकता देकर आगे भी हरसंभव सहयोग करता रहेगा।

## अरसीकन्हार की जर्जर प्राथमिक शाला में छात्र गढ़ रहे भविष्य



- गांव पहुंचे कलेक्टर से ग्रामीणों ने नए भवन और खाद गोदाम की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत मेचका के आश्रित ग्राम अरसीकन्हार पहुंचे कलेक्टर अबिनाश मिश्रा का आगमन पर ग्रामवासियों एवं स्कूली बच्चों ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। सरपंच जीवन नाग सहित पंचों एवं ग्रामीणों ने गांव की प्रमुख समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया।

ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला अरसीकन्हार का पुराना भवन पिछले चार- पांच वर्षों से पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन का अधिकांश हिस्सा ढह गया है, जिससे शाला खंडहरनुमा स्वरूप ले चुकी है। ऐसी स्थिति में बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। सिर्फ दो कक्षों में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। ग्रामीणों ने नया प्राथमिक शाला भवन शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की। कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन इस मामले पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर नए स्कूल भवन निर्माण की दिशा में कार्रवाई करेगा।

इस दौरान धनश्याम नेताम, बंशी कुंजाम, बिरजू नेताम, नकुल नेताम, हिरामन नेताम, आनंद मरकाम, लक्ष्मीनाथ सोरी, सोमन नेताम, घुरू सोरी, नारायण कुंजाम, लखमु मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भैंस के सामने बीन बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश

- नई गाइडलाइन का विरोध, जमीन कारोबारियों ने किया अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जमीन की नई गाइडलाइन में बाजार मूल्य में भारी बढ़ोतरी, 5 डिसमिल से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोकने और बढ़े हुए पंजीयन शुल्क के विरोध में जमीन कारोबारी संघर्ष समिति का आंदोलन गुरुवार को चरम पर रहा। गांधी चौक में कारोबारियों ने भैंस के सामने बीन बजाकर सरकार को जगाने का अनोखा प्रदर्शन किया। इससे पहले समिति के पदाधिकारियों ने वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक ओंकार साहू व अंबिका मरकाम को ज्ञापन सौंपकर निर्णय वापस लेने की मांग की।



समिति अध्यक्ष ऋतुराज पवार, सुनील लुनावत, दिलीप सुंदरानी, राकेश राखेचा, सत्तू मुंजवानी, गुड्डा साहेब, नरेश समनानी, तामेश साहू व राजू भालेकर सहित बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शन में शामिल हुए। कारोबारियों का कहना है कि नई गाइडलाइन लागू होने के बाद से रजिस्ट्री लगभग ठप पड़ गई है और आंदोलन शुरू होने के बाद मात्र तीन जमीन की रजिस्ट्री हुई है। इससे शासन को राजस्व नुकसान की आशंका भी बढ़ गई है।

बीते बुधवार को आंदोलन के तीसरे दिन कारोबारियों ने गांधी मैदान में सद्बुद्धि यज्ञ किया, उसके बाद मोटरसाइकिल रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोका, फिर भी उन्होंने जोरदार नारेबाजी कर विरोध जताया।

कारोबारियों ने कहा कि सरकार ने गाइडलाइन में जमीन मूल्य 42 प्रतिशत बढ़ाया है, जबकि पंजीयन शुल्क में कोई कमी नहीं की। इससे किसान, आम आदमी और छोटे बजट वाले खरीदार सबसे अधिक प्रभावित होंगे। पिछले पांच वर्षों में मूल्य वृद्धि न होने पर भी शासन को लगातार बेहतर राजस्व मिलता रहा, लेकिन अब अत्यधिक दर बढ़ोतरी से बाजार सुस्त पड़ने और सरकारी आय घटने की आशंका जताई गई है। समिति ने 15 दिन तक धरना जारी रखने की घोषणा की है।

## घासीदास जयंती पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सतनामी समाज नगरी द्वारा इस वर्ष भी संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती 18 दिसंबर को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। नगर में विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। वार्ड क्रमांक 13 नगर पंचायत नगरी में समाज द्वारा भव्य आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से जारी है। बल्लू बंजारे, अनंत गायकवाड़, शिवनंद लहरे, दीपक, पतिराम भारती सहित अनेक सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। 18 दिसंबर की रात्रि में राजाबाड़ा नगरी के पास श्रीराम जस झांकी नवागांव करैहा धमतरी का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी अध्यक्ष रूपबस्त मिर्चीं ने दी है।

हमारे वरिष्ठजन समाज की वास्तविक धरोहर हैं : ओंकार

## विधायक ने जीवन संध्या में वरिष्ठजनों का हाल-चाल जाना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने "जीवन संध्या" वृद्धाश्रम धमतरी का दौरा कर वहां निवासरत सभी बुजुर्गजनों से आत्मीय मुलाकात की। विधायक श्री साहू ने वरिष्ठजनों का हाल-चाल जाना, उनकी आवश्यकताओं, स्वास्थ्य स्थिति और आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक बुजुर्ग से समय निकालकर व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनके सुझावों व अनुभवों को गंभीरता से सुना। वृद्धाश्रम में मौजूद वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन के अनुभव, संघर्ष और प्रेरणादायी प्रसंग साझा किए, जिनसे विधायक साहू विशेष रूप से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि जीवन के अमूल्य अनुभवों से परिपूर्ण हमारे वरिष्ठजन समाज की वास्तविक धरोहर हैं। उनकी सेवा और सम्मान करना हम सबका सर्वोच्च कर्तव्य है। उनकी मुस्कान और आशीर्वाद ही समाज को सही दिशा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। विधायक ने आश्रम की समग्र व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और प्रबंधन से आवश्यक संसाधनों, स्वास्थ्य सुविधाओं और बुजुर्गों की दिनचर्या से जुड़ी जरूरतों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने वृद्धाश्रम के संचालन में आने वाली चुनौतियों को समझते हुए यह आश्वासन दिया कि बुजुर्गों के सम्मानजनक जीवन के लिए हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रूकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं–
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020